## खबर संक्षेप

### ई.व्ही.एम.वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण आज

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ई.व्ही.एम. एवं व्हीव्हीपैट के जिला स्तरीय वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण गुरूवार 11 दिसंबर को सायं 4 बजे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलांबर मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह (ग्रामीण) एवं अमित शुक्ला (शहर) एवं बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष डी.सी. राम से निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कटनी।** शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में आयोजित दो दिवसीय संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 6 छात्रों और 3 छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र करन सिंह यादव ने 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र अमन पटेल ने 110 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम एवं 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्रों का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता और अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है। छात्रों की इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने बधाई देते हुये आगे की प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लिये दूध के नमूने

**कटनी।** दूध की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु कटनी शहर में संचालित दूध डेयरी एवं फेरी से दूध विक्रय करने वाले दूध विक्रेताओं की जांच करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग को दिये गये निर्देश के पालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी देविका सोनवानी ने बुधवार को शहर डेयरी की जांच की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सिविल लाइन स्थित देवा डेयरी एवं बरही रोड स्थित शर्मा डेयरी प्रोविजन से दूध के 2 नमूने एवं 1 ब्रेड का नमूना जांच हेतु लिया। इन नमूनों की जांच हेतु भोपाल स्थित प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### 1 लाख 18 हज़ार रूपये की अवैध शराब जब्त

**कटनी।** आबकारी विभाग की टीम ने वृत्त कटनी क्रमांक 02 क्षेत्रांतर्गत ग्राम आधारकाप, तिलियनपार में दबिश दी। इस दौरान 8 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं नदी किनारे प्लास्टिक के गुम्मो में लगभग 1170 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त शराब और महुआ लाहन की अनुमानित कीमत 1 लाख 18 हज़ार 200 रुपए है। जब्त महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। कार्यवाही में कुल 9 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

### जिम्मेदारों द्वारा नहीं कराया जा रहा मरम्मत कार्य, वाहनों का रहता है भारी दवाब

# पुल की हालत खस्ताहाल, बड़े बड़े गड्ढों से राहगीरों एवं चालकों पर मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़



विजयराघवगढ़ से बरही मार्ग पर बने पुराने पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है और इन गड्ढे में लोहे की सरिया वाहर निकल आई है जिससे वाहन चालक कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। गड्ढों की वजह से पुल से आवागमन दुस्कर बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारियों का आना-जाना भी इसी पुल के ऊपर से होता है लेकिन गंभीर समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि विजयराघवगढ़ से बरही होते हुए उमरिया, शहडोल और अमरकंटक से होते हुए छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाला यह पुल सन 1975 के आसपास बना हुआ था जिसे लगभग 50 वर्ष हो गए हैं। नए पुल का निर्माण बेहद मंथर गति से किया जा रहा है।

### 50 साल पुराना पुल

जानकारों की माने तो 50 वर्ष पूर्व बने इस पुल की भार क्षमता लगभग 15 से 20 टन के हिसाब से बनाई गई थी लेकिन वर्तमान समय में 45 से 50 टन का वजन लेकर भारी बहनों का आवागमन होता है जो पुल की क्षमता के हिसाब से अधिक है जिस वजह से पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। पुल के अंतिम छोर पर स्थापित रेत नाके पर रेत से भारी वाहन जब नाके में आकर खड़े होते हैं और घंटो खड़े रहते हैं जिससे रेत का पानी वहकर पुल के ऊपर जाता है जिस कारण से पुल में जगह जगह सारे गड्ढे हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रेत नाके को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया जाए तो पुल पर पानी भरना बंद हो जाएगा।

बाणसागर में पानी का भराव क्षेत्र होने के कारण पुल के नीचे लगभग 15 फुट पानी की गहराई है यदि किसी भी प्रकार की पुल के ऊपर घटना होती है तो निश्चित ही बड़ी घटना हो सकती है। नागरिकों द्वारा प्रशासन से शीघ्र ही मरम्मत कराने की मांग की गई जिससे कोई अनहोनी न होने पाये।

वर्तमान समय में विजयराघवगढ़ बरही मार्ग पर विगत कई वर्षों से नवीन पुल का निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन आज तक पूर्ण नहीं हो सका। क्यों कि निर्माण कार्य की कछुआ चाल बनी हुई है। बरही से मैहर जाने वाले मार्ग पर बने पुल को प्रशासन द्वारा क्षतिग्रस्त घोषित कर भारी बाहनों पर निकालने के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है जिस वजह से शहडोल, उमरिया सहित अन्य मार्गों से आने वाले भारी वाहनों का आवागमन इसी पुल पर से होता है इस दबाव को देखते हुए प्रशासन को चाहिए सेतु निर्माण कंपनी के ठेकेदार को अविलंव पुल का कार्य पूर्ण कर आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ कराया जाए।

### इनका कहना है

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता का कहना है कि पुराने पुल में जो गड्ढे हो गए हैं तात्कालिक रूप से उनको सही कराया जाएगा, साथ ही ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों से बात कर नवीन पुल का निर्माण कार्य जो धीमी गति से चल रहा है संबंधित ठेकेदार से बात करके निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा कराया जाएगा और बहुत जल्द ही नवीन पुल जनता के लिए खोल दिया जाएगा जिससे आवागमन बाधित न होने पाए।



# दो किलो से गांजे के साथ दो युवक गिरफ्तार, बाइक व मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों को अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 280 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। बुधवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि मंगलवार को पकरिया स्थित यात्री प्रतिक्षालय के सामने वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम कार्तिक उर्फ दीपक पिता मदन मल्लाह (22 वर्ष), निवासी एसएस कॉलेज के पीछे, खितौला जिला जबलपुर बताया। वहीं उसके साथ मौजूद युवक ने अपना नाम दयाराम पिता रामदीन डोहर (24 वर्ष) निवासी बैरहना, थाना जैतवारा, जिला सतना बताया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल के हैंडल में टंगे बैग के अंदर 2 किलो 280 ग्राम गांजा पाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन भी जब्त किए, जिनकी कुल कीमत 2 लाख 42 हजार रुपये आंकी गई है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी दिनेश तिवारी के साथ प्रआर आशीष झारिया, अजय सिंह, आरक्षक योगेश पटेल, मनोज कुम्हरे, रोहित झारिया और सत्येंद्र चौरसिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज करने दी गई चेतावनी

# विभिन्न मांगों को लेकर नगर निगम के प्रवेश द्वार पर किया गया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



आम आदमी पार्टी द्वारा बुधवार को नगर निगम प्रवेश द्वार पर बुनियादी सुविधाओं की कमी और स्थाई आवासीय पट्टे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। दिया। निगम आयुक्त के बाहर नहीं आने से प्रदर्शनकारियों का गुस्सा और बढ़ गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि शहर में पानी, सड़क, नालियां, स्ट्रीट लाइट और कचरा प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह ठप हैं, गरीब परिवार सालों से आवासीय पट्टों के इंतजार में हैं। आप के पदाधिकारियों ने कहा कि जहां झुग्गी, वहीं मकान योजना कटनी में लागू नहीं हो पाई है, जिसके चलते हजारों मजदूर परिवार अस्थायी झुग्गियों में रहने को मजबूर हैं। प्रदर्शनकारियों की योजना निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपने की थी लेकिन आयुक्त मौके पर मौजूद नहीं थीं। इससे गुस्सा और बढ़ गया और नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि गरीबों की आवाज सुनने को तैयार नहीं होना ही गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली को दर्शाता है। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने आयुक्त के खिलाफ तीखी नारेबाज़ी की।

मौके पर एसडीएम, अपर आयुक्त, राजस्व अधिकारी सहित पुलिस के अलाधिकारी सहित कई अन्य महकमों के अधिकारी पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन में आम आदमी पार्टी ने मांग की कि बघिया टोला, मदन मोहन चौबे वार्ड सहित सभी पात्र परिवारों को तुरंत आवासीय पट्टे दिए जाएं। जहां झुग्गी वहीं मकान योजना कटनी में प्रभावी रूप से लागू हो। पानी, नालियां, सड़क, कचरा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट और शौचालय जैसी सुविधाओं में त्वरित सुधार किया जाए। अनिल सिंह सेंगर ने चेतावनी दी कि यदि ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो पार्टी जनता के साथ मिलकर आंदोलन को और तेज करेगी।

### बहोरीबंद में आयोजित बैठक में एसडीएम ने दी जानकारी



बहोरीबंद विधानसभा में एसआईआर कार्य पूर्ण होने के उपरांत जनपद सभागार बहोरीबंद में स्टेडिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। विधानसभा रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राकेश चौरसिया ने बताया कि निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार सभी मतदान केंद्रों पर गणना पत्रक, डिजिटाइजेशन, मेपिंग उपरांत सूची तैयार की जा चुकी है। एसडीएम ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 49 हजार 51मतदाता है जबकि 14 हजार 884 मतदाता जो कि अन्य स्थानों पर चले गये है या मृत हो गये है उनके नाम मतदाता सूची से पृथक कर दिए गये है। वही ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद में मतदाता सूची का वाचन बीएलओं के द्वारा किया गया। बीएलओ ने बताया कि मतदान केंद्र 138 में 36 मतदाता अनुपस्थित, 67 स्थानांतरित, 13 क़ी मृत्यु, मतदान केंद्र 139 मै 12 मतदाता अनुपस्थित, 15 मतदाता स्थानांतरित, 17 क़ी मृत्यु,मतदान केंद्र 140 मै 14 अनुपस्थित, 53 स्थानांतरित, 33 क़ी मौत, 7 दोहरी प्रविष्टि ओर मतदान केंद्र 141 मै 39 अनुपस्थित, 49 स्थानांतरित, 16 क़ी मौत ओर 11 क़ी दोहरी प्रविष्टि।

# रेत से भरा ट्रक पलटा, तीन बाइकें नीचे दबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बड़वारा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। विलायत कला—स्लीमनाबाद मार्ग पर रेत से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रक की चपेट में आकर पास में खड़ी तीन मोटरसाइकिलें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

बताया जाता है कि घटना सुबह करीब 10 बजे पंसोखर गांव के पास हुई। ट्रक क्रमांक MP20 ZZ 5363 चंदिया से सिहोरा की ओर रेत लेकर जा रहा था। रास्ते में सामने से आ रही एक अन्य गाड़ी को साइड देने की कोशिश में ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। भारी रेत से लदा होने के कारण ट्रक अचानक बेकाबू होकर किनारे पलट गया।

### घटनास्थल में पहुंची पुलिस

हादसे की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी के.के. पटेल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सबसे पहले यातायात को सुचारू किया गया इसके बाद पलटे हुए ट्रक के आसपास राहत कार्य शुरू किया गयाटीआई पटेल के अनुसार, प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट है कि दुर्घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

### शिकायत पर होगी कार्रवाई

ट्रक के पलटने से किनारे खड़ी तीन बाइकें उसके नीचे दब गईं, जिससे वे पूरी तरह नष्ट हो गईं।थाना प्रभारी ने बताया कि—"जिन वाहन मालिकों की बाइकें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनकी शिकायत मिलने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।"

### जिला बनाने को लेकर बनाई गई विस्तृत रूपरेखा

# स्लीमनाबाद को जिला बनाने उठी मांग, राज्यपाल व सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



स्लीमनाबाद तहसील को अब जिला बनाने की मांग पुरजोर उठने लगी है। बुधवार को स्लीमनाबाद को जिला बनाने को लेकर सर्वदलीय रूप से जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों का दल स्लीमनाबाद तहसील कार्यालय पहुँचा जहाँ स्लीमनाबाद को जिला बनाने को लेकर हुंकार भरी गईं। स्लीमनाबाद जिला बनाओ, जिला बनाओ के नारे लगाए गये!इसके राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सारिका रावत को ज्ञापन सौपा गया। सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्रीय जनो का कहना था कि स्लीमनाबाद जिला बन जाने से स्लीमनाबाद का चहुंमुखी विकास होगा। स्लीमनाबाद तहसील खनिज संसाधनों से भरपूर है। यहां की धरती से निकालने वाला मार्बल देश सहित विदेशों तक निर्यात होता है। स्वीटकार्न भी देशो सहित विदेशों तक निर्यात होता है वही अब स्लीमनाबाद के इमालिया मे सोने की खदान भी है जिसका जियो लॉजिकल सर्वे आफ इण्डिया के द्वारा सर्वेक्षण कार्य भी करा लिया गया है। स्लीमनाबाद मे रेलवे स्टेशन, एसडीओपी कार्यालय, तहसील कार्यालय, पीएचई विभाग, विद्युत विभाग, सीएम राइज स्कूल, शासकीय महाविद्यालय, थाना सहित अन्य शासकीय विभाग कार्यालय संचालित हो रहे है। स्लीमनाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मे बसा हुआ है। भौगोलिक दृष्टि से भी स्लीमनाबाद जिला बन सकता है।

सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि स्लीमनाबाद को जिला बनाने मे बहोरीबंद व ढीमरखेड़ा तहसील को शामिल किया जायेगा जिसमें स्लीमनाबाद तहसील के सभी गांव, बहोरीबंद तहसील अंतर्गत बाकल व बचैया उपतहसील के सभी गांव, इसी प्रकार ढीमरखेडा तहसील के सभी गांव शामिल किये जायेंगे!इन तहसील अंतर्गत आने वाले गावों के लोगों को कटनी जिला मुख्यालय जाने की झंझट से राहत मिलेगी व स्लीमनाबाद सुलभ होगा। इन सभी तहसीलो के लोग भी स्लीमनाबाद को जिला बनाने की पुरजोर मांग कर रहे है। स्लीमनाबाद को जिला बनाया जाये इसके लिए युद्धस्तर पर कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ा जायेगा।

### कलेक्टर ने पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

# चौराहों में मिलावटी दूध विक्रेताओं की रहती है जमघट, जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



दुग्ध उत्पादन समितियों को जागरूक किया जाय और विस्तार कर इससे अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाय। ताकि जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़े और रोजगार के नये अवसर पैदा हों और लोगों की आमदनी बढ़े। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश पशुपालन एवं डेयरी विकास के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा एवं उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास डॉ. आर के सोनी सहित पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी एवं दुग्ध समितियों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने दूध में मिलावट की जांच हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को अभियान चलाकर जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने दुधारू पशु नस्ल सुधार पर जोर देते हुये कृत्रिम गर्भाधान और सेक्स सॉर्टेड सीमन गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों को सघन जानकारी देने और लाभान्वित करने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि पशु उपचार, नस्ल सुधार जैसे कार्यों के लिये हर पंचायत में मैत्री (मल्टी परपज आर्टिफिशियल इन्सेमिनेशन टेक्नीशियन इन रूरल इंडिया) गौसेवक नियुक्त किये जाने चाहिये। मैत्री कार्यकर्ताओं को 5 रूपये प्रति पशु की दर से भुगतान भी किया जाता है।

### जांच कर करें कार्यवाही

बैठक में पशुपालकों और समितियों के सदस्यों ने शहर के कुछ विशेष स्थानों में मिलावटी दूध बिक्री के संबंध में कलेक्टर श्री तिवारी को जानकारी दी। बताया गया कि गोल बाजार, चाण्डक चौराहा, दुर्गा चौक, गर्ग चौराहा आदि स्थानों में दोपहर तक मिलावटी दूध विक्रेताओं की मौजूदगी रहती है। इस पर कलेक्टर ने त्वरित संज्ञान लिया और मिलावटी दूध की जांच कर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से पशुओं के नस्ल सुधार कार्यक्रम के लिये तय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति की हिदायत दी। कलेक्टर ने कहा कि दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले उन्नत और अच्छे पशुपालकों को हर माह सम्मानित किया जाये। ताकि अन्य पशुपालक भी इनके अनुभवों से सीख लेकर दुग्ध उत्पादन बढ़ा सकें।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड और जबलपुर दुग्ध संघ के बीच आपसी टाईअप कर नवीन दुग्ध समितियों की संख्या को बढ़ाने और जिले के ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक मिल्क रूट बनाने के निर्देश दिये।

# सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी द्वारा राधानी भोपाल के जहांगीराबाद स्थित नीलम पार्क में धरना प्रदर्शन किया। पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर ने कहा है कि कटनी में सरकारी मेडिकल कॉलेज नहीं खुला तो शहर बंद कराने अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश के अलग अलग जिलों व शहरों से पार्टी कार्यकर्ता अपनी मांगों का ज्ञापन सरकार को सौंपने के लिए भोपाल पहुंचे थे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शम्भूदयाल बघेल सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में रघु ठाकुर ने कहा पर्चियों से जिस तरह मुख्यमंत्री बन रहे हैं उससे लोकतंत्र में सामंतवाद की वापसी हो रही है। किसान मजदूरों की पार्टी की जगह अब जाति की पार्टियां बन रही हैं। कटनी में मेडिकल कॉलेज के लिए लोसपा के लम्बे आंदोलन के बाद सरकार ने यहां पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की तो है। लोसपा ने तय किया है कि या तो यहां पूरी तरह से सरकारी मेडिकल कॉलेज बने नहीं तो उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, रीवा आदि के सरकारी मेडिकल कॉलेज को भी पीपीपी मॉडल पर चलाया जाए।

लोसपा ने जिन मुद्दों को लेकर भोपाल में धरना प्रदर्शन आयोजित किया था उनमें कटनी में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने, सरकारी संपत्तियों को बेचने और निजी क्षेत्र के कब्जे पर रोक लगाने, सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को गिरफ्तार करने , अतिथि विद्वानों को नियमित करने, किसानों को खाद- बीज पर्याप्त मात्रा में समय पर मुहैया कराने व वर्षा से फसल ख़राब होने पर बीस हजार रुपए प्रति एकड़ हर्जाना देने, कटनी के बुजबुजा, डोकरिया के किसानों की भूमि अधिग्रहण रद्द कर पूर्ववत किसानों के नाम दर्ज करने, मैहर बरही बन्द मार्ग तत्काल चालू करने की मांग विशेष रूप से शामिल है।

## खबर संक्षेप

### स्वीकृति के बाद भी अब तक शुरू नहीं हुआ निर्माण

**सिलौंडी।** सिलौंडी में तीन साल पहले ही कन्या छात्रावास का भवन दो करोड़ की लागत से स्वीकृत हो चुका है परन्तु अभी तक उसका निर्माण कार्य शुरू नही हुआ है जिसके कारण क्लास 9 से 12 तक छात्राओं को आगे की पढ़ाई में दिक्कत हो रही है। सिलौंडी के समीपवर्ती लगभग 12 से 15 गांव की छात्राएं कन्या कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय क्लास 6 से 8 तक में निवास कर अपनी पढ़ाई करती है परंतु आगे की पढ़ाई हेतु छात्रावास की व्यवस्था न होने कारण उन्हें अपनी पढ़ाई छोड़ना पड़ता है। शासन ने सन 2022 में 2 करोड़ की लागत से कन्या छात्रावास क्लास 9 से 12 तक के भवन को स्वीकृति प्रदान किया परंतु अभी तक निर्माण कार्य शुरू नही हुआ जिससे कारण आदिवासी बहुल क्षेत्र की छात्राओं का भविष्य खराब हो रहा है। जिला पंचायत सदस्य कविता राय ने बताया कि मैंने जिला स्तर पर सामान्य सभा की बैठक में अनेक बार ये मुद्दा उठाया है। क्षेत्र के जन प्रतिनिधि और आम जनता ने छात्राओं के आगे की पढ़ाई हेतु जल्द से जल्द छात्रावास भवन का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है।

### समस्याओं का शीघ्र ही समाधान करने मांग

**सिलौंडी।** दो माह पहले कलेक्टर आशीष तिवारी ने सिलौंडी क्षेत्र का दौरा किया था इस दौरान उन्होंने नव निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का भी निरीक्षण किया। भवन के फर्श में पानी रुकने और भवन के आस पास मिट्टी की पुराई को कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर किया थी परंतु उससे अभी तक कुछ भी करवाई नही हुई। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से सिलौंडी बस स्टैंड में प्रसाधन, प्रतिक्षालय, सिलौंडी से अम्हेटा मार्ग, सिलौंडी सहकारी समिति के बाजू से बसेहरा मार्ग जल जीवन मिशन का कार्य जल्द से जल्द बनाने की मांग किया है। सिलौंडी में नियुक्त डॉक्टर प्रदीप को सिलौंडी और कछार गांव में ही ड्यूटी करने निर्देशित करने की मांग की है। सिलौंडी बस स्टैंड में प्रमुख नाला के अतिक्रमण को अलग करने की मांग किया परंतु लगभग दो माह बाद भी कोई भी समस्या का निराकरण नही हुआ है। ग्रामीण ने क्षेत्र के प्रमुख साप्ताहिक बाजार की सरकारी भूमि लगभग डेढ़ एकड़ से अतिक्रमण अलग कराते हुए छोटे छोटे व्यापारियों को जगह दिलाने की मांग की है। ग्रामीण को कलेक्टर आशीष तिवारी ने जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने का आवश्वन भी दिया था परंतु आज भी सिलौंडी बस स्टैंड में प्रसाधन नही बना, ना अमहेटा मार्ग का निर्माण हुआ, ना जल जीवन मिशन का कार्य शुरू हुआ।

### मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य पर दी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की मौजूदगी में नगर निगम के नई सब्जी मंडी में जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार के उदघाटन के अवसर पर मंगलवार को जिला चिकित्सालय के सामने शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य एसआईआर के संबंध में मतदाता जागरूकता अंतर्गत शानदार नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार, एस.डी.एम. कटनी श्री प्रमोद चतुर्वेदी एवं उपसंचालक कृषि डॉ. आर.एन. पटेल मौजूद रहे। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने मतदान और एसआईआर के संबंध में समाज में प्रस्तुत भ्रम की स्थिति को दूर करने हेतु सामान्य जनता को जागरूक किया। कलेक्टर श्री तिवारी ने नुक्कड़ नाटक के प्रतिभागी विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु 12 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की।यह नुक्कड़ नाटक दीपा विश्वकर्मा, मीनाक्षी महोबिया, भाग्यश्री महोबिया, प्रीति, दिवांशु जायसवाल, दीपिका विश्वकर्मा, साक्षी बर्मन, तिष्या श्रीवास्तव, भूमिका थापा, शानू केवट, हेमन्त एवं गगन द्वारा प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना (महिला इकाई) की प्रभारी डॉ. माधुरी गर्ग एवं डॉ. व्ही. के. द्विवेदी का विशेष सहयोग रहा।

---

धान उपार्जन केन्द्र में अनियमितताएं रोकने कलेक्टर के निर्देश पर हो रही कार्रवाई

# संयुक्त जांच दल ने सिंगौड़ी के गोदाम से 3 हजार 568 बोरी धान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



जिले में समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी के बीच अनुचित लाभ लेने की मंशा रखने वाले तथा धान के अवैध भंडारण एवं परिवहन के विरूद्ध कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा गठित संयुक्त जांच दल लगातार कार्यवाही की जा रही है।

बुधवार को विजयराघवगढ़ तहसील के तहसीलदार आशीष चतुर्वेदी और हल्का पटवारी मनोज पाण्डेय ने ग्राम सिंगौड़ी निवासी विजय गुप्ता पिता लल्लूलाल गुप्ता के गोदाम से 3 हजार 568 बोरी धान जब्त की गई। गोदाम के स्टॉक का भौतिक सत्यापन के दौरान गोदाम में 3 हजार 188 बोरी एवं 380 बोरी पुरानी खराब अंकुरित धान पाई गई। धान को जब्त करने के बाद गोदाम मालिक विजय गुप्ता की सुपुर्दगी में दिया जाकर निर्देशित किया गया कि बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के धान का परिवहन एवं विक्रय न किया जाय।

गोदाम मालिक से धान के वैध दस्तावेज एवं अभिलेखों की मांग की गई है। साथ ही गोदाम मालिक को धान उपार्जन अवधि 20 जनवरी तक व्यापक पैमाने पर भंडारित धान के निकासी पर रोक लगाये जाने वाले कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश की भी जानकारी दी गई।

#### जिले में अब तक 42 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान उपार्जित

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में गुरूवार 10 दिसंबर तक कुल 4 हजार 580 कृषकों से अब तक 42 हजार 380 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 38 हजार 986 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 6 हजार 358 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। साथ ही अब तक कृषकों को उपार्जित धान का 47 लाख रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

#### धान उपार्जन में ढीमरखेड़ा अग्रणी

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील ढीमरखेड़ा अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 1106 किसानों से 8 हजार 142 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील बड़वारा में 822 किसानों से 7 हजार 774 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है।

इसी प्रकार बहोरीबंद तहसील में अब तक 783 किसानों से 7 हजार 645 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील में 620 कृषकों से 5 हजार 819 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। रीठी तहसील में अब तक की स्थिति में 357 किसानों से 3 हजार 955 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 340 किसानों से 3 हजार 714 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। इसके अलावा कटनी नगर तहसील में 272 किसानों से 2 हजार 598 मीट्रिक टन तथा स्लीमनाबाद तहसील में 280 किसानों से 2 हजार 733 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल, पन्नी सहित अन्य समस्त आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---



# ई पंचायत भवन निर्माण में भारी विसंगतियां हावी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरही

ग्राम पंचायत बम्हौरी में नव निर्माण ई-पंचायत भवन निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किये जाने के आरोप लगाए गए हैं। पंचायत राज संचालनय मद से स्वीकृत 37 लाख 49 हजार की लागत से निर्माण कार्य हो रहा है। उपसरपंच श्रीमती सरोज विश्वकर्मा का कहना है कि भवन निर्माण कार्य में घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। दरवाजे, खिड़की भी उच्च गुणवत्ता के नहीं लगवाए गए हैं। छत ढलाई में सरिया कम मोटाई की लगाई गई है जिससे आगामी समय में दरारें आने एवं पानी टपकने की समस्या आ सकती है। मेरे द्वारा आरईएस विभाग के एसडीओ श्री जैन को जानकारी दी गई थी कि गुणवत्ता हीन कार्य चल रहा है पर आज तक निरीक्षण कर गुणवत्ता मानकों की जांच नहीं की गई। उपयंत्री की देखरेख में यह कार्य चल रहा था पर उपयंत्री कभी कभार महज रस्म अदाएगी के लिए ही पहुंचते हैं।

#### उप सरपंच ने कहा शिकायतों पर भी नहीं की गई गुणवत्ता की जांच

उप सरपंच सरोज विश्वकर्मा का कहना है कि जांच नहीं होने पर मैने कलेक्ट्रेट में होने वाली जनसुनवाई में भी शिकायत की, कलेक्टर ने संबंधित विभाग को जांच के आदेश दिए थे पर आज दिनांक तक गुणवत्ता की जांच परख नहीं की गई। छत की ढलाई में गुणवत्ता को दरकिनार कर दिया गया। आरईएस विभाग के एसडीओ को सूचना दी गई लेकिन उनका रवैया बेपरवाही वाला रहा। 181 में भी शिकायत की गई है। जांच नहीं की गई अब फिर से उच्च अधिकारियों से शिकायत की जायेगी।

---

सात दिवसीय भागवत कथा में इंद्रेश महाराज करेंगे कथा का वाचन

# महापौर ने भागवत कथा स्थल का किया निरीक्षण एवं चंडी मेले का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



नगर में आगामी 31 जनवरी से 7 फरवरी तक विवेकानंद वार्ड स्थित श्री रंगनाथ मंदिर परिसर के समीप आयोजित होने वाली सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। लोकप्रिय कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय द्वारा सप्त दिवस श्रीमद्भागवत कथा का अमृतमयी वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु बुधवार 10 दिसंबर को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने पार्षद साथियों के साथ कथा स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्वासन दिया है कि श्रीमद्भागवत कथा को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ जैसे पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता, प्रकाश की समुचित व्यवस्था और संपूर्ण स्थल की साफ-सफाई समय रहते पूरी की जायेंगी। महापौर ने स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कथा में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो, यह नगर निगम की जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं सफाई कार्य में सहभागिता करते हुए श्रमदान भी किया, जिससे कार्यरत विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ा।

निरीक्षण के उपरांत महापौर श्रीमती सूरी विवेकानंद वार्ड के लखेरा स्थित बड़ी खेर माता मंदिर में आयोजित पारंपरिक चंडी मेला स्थल में पहुँचीं। उन्होंने मेले का जायजा लेते हुए वहाँ की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर चंडी देवी की प्रतिमा के दर्शन कर नगरवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

मेले में अनेक छोटे-छोटे स्थानीय व्यापारी अपनी दुकानों के साथ उपस्थित थे। महापौर सूरी ने इन व्यापारियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे पारंपरिक मेले स्थानीय व्यवसाय और संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। महापौर श्रीमती सूरी नें कहा कि नगर में इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से जहाँ सामाजिक समरसता और आस्था को बल मिलता है।

---

## प्रेमानंद महाराज से मिले वीरेन्द्र त्यागी महाराज



गौ रक्षा हितार्थ दुनिया को संदेश दिलाने वृंदावन में प्रेमानंद महाराज से त्यागी महाराज वीरेंद्र त्यागी महाराज ज्ञान तीर्थ विलायत कलां कटनी मप्र से संत भरत दास, संत विमल महाराज वृंदावन, चारों पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी के अथक प्रयासों एवं ब्रह्मलीन करपात्री महाराज के गौ–रक्षा संबंधी महान संकल्पों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में गौ माता को उनका उचित स्थान दिलाने तथा गौ–रक्षा का संदेश विश्व तक पहुँचाने हेतु संतों का एक प्रतिनिधि मंडल वृंदावन पहुँचा। वीरेंद्र त्यागी सन्त महाराज ज्ञान तीर्थ, विलायत कलां के साथ संत भरत दास एवं संत विमल महाराज ने प्रेमानंद महाराज से भेंट कर गौ–रक्षा, सनातन संस्कृति और राष्ट्रहित के विषयों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया। संतों ने गौ माता को राष्ट्र की आधारशिला बताते हुए कहा कि गौ–रक्षा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक दायित्व भी है। इस दौरान विश्व कल्याण, मानव में देवत्व जगाने तथा धरती पर स्वर्ग की स्थापना जैसे विषयों पर भी संवाद हुआ। यह भेंट गौ–रक्षा आंदोलन को नई ऊर्जा देने वाली एवं समाज को जागरूक करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल मानी जा रही है।

---

# पान उत्पादकों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उमरियापान



पान के उत्पादन और बिक्री पर भारी गिरावट आई है जिससे पान उत्पादक किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। पान किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन उमरियापान नायाब तहसीलदार को सौंपा। गया प्रसाद चौरसिया, राधिका चौरसिया, कमलेश, भल्लू चौरसिया, जगन्नाथ, दीपचंद चौरसिया, अन्नू चौरसिया,मनोज चौरसिया, सुदामा चौरसिया, राकेश चौरसिया,कृष्णकुमार चौरसिया सहित अन्य किसानों ने बताया कि वे लाखों रुपये की लागत से पान बरेजा तैयार करते हैं और पूरी मेहनत से पान की खेती करते हैं। फसल पूरी तरह तैयार है, लेकिन बाजार में मांग न होने से उनकी आय शून्य हो गई है। उन्होंने शासन से सर्वे कराकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

पान किसानों ने ज्ञापन में कहा कि विगत वर्षों में उद्यानिकी विभाग द्वारा पान उत्पादकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जोड़ने का सुझाव दिया गया था, लेकिन अब तक पान फसल को बीमा संरक्षण नहीं मिल सका है। किसानों ने इस योजना में शामिल किए जाने की मांग दोहराई। पान किसान चंद्रकांत चौरसिया ने बताया कि कटनी जिले के उमरियापान और बिलहरी क्षेत्र में चौरसिया समाज के अधिकांश लोग पान की खेती पर ही निर्भर हैं। पिछले दो महीनों से पान किसानों की स्थिति बेहद खराब है। लखनऊ और रीवा की मंडियों में भी पान की कोई कीमत नहीं लग रही, जिससे व्यापारी स्थानीय पान खरीदने से कतराने लगे हैं।

पान उत्पादक गुलाबचंद चौरसिया ने कहा कि वे 15 पारियों में पान की खेती करते हैं और पूरे परिवार की आजीविका इसी पर निर्भर है। एक पारी तैयार करने में लगभग 5 हजार रुपये का खर्च आता है, लेकिन बिक्री न होने से सारा खर्च घाटे में जा रहा है।

---

मानदेय नहीं मिलने की वजह से हो रही विभिन्न समस्यायें

# मनरेगा कर्मियों को तीन माह से नही मिला मानदेय, सीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम के तहत जिले मै कार्यरत संविदा अधिकारी /कर्मचारी पदस्थ रहकर अपनी सेवायें निरंतर रूप से दे रहे है। इसके साथ ही योजना के सफल क्रियान्वयन के साथ-साथ जल गंगा संवर्धन अभियान, एक बगिया मॉ के नाम जैसी अन्य महत्वपूर्ण लक्ष्य आधारित कार्यो का भी संपादन निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करते हुये सौपें गये दायित्वों का निर्वहन भी कर रहे है किंतु मनरेगा अमले को विगत तीन माह से मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है जिसके कारण समस्त कर्मचारी एवं उनके परिवारजन अत्यंत गंभीर आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। मानदेय प्राप्त न होने से कर्मचारियों के समक्ष परिजनों की स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सा तक प्रभावित हो रही है। विभिन्न प्रकार के बैंक लोन की किस्तें समय पर जमा न कर पाने के कारण पेनाल्टी लग रही है। बच्चों की स्कूल/ट्यूशन फीस का भुगतान बाधित हो रहा है। बिजली बिल, मकान किराया तथा दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना कठिन हो गया है। अध्यक्ष, एवं समस्त अधिकारी/ कर्मचारी, महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम जिला ईकाई कटनी द्वारामानदेय न होने के कारण उत्पन्न समस्याओं के निदान हेतु मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ से भेंटकर ज्ञापन सौप, अवगत कराया गया कि, उक्त समस्याओं के कारण कर्मचारी न केवल आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी अत्यधिक तनावग्रस्त हैं। इसका प्रभाव व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ कार्यालयीन कार्यो के निष्पादन पर भी स्पष्ट रूप से पड़ रहा है, जिससे कार्य की गति एवं गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। मनरेगा अमले की व्यथा को मानवीय संवेदना से संज्ञान में लेते हुए, मानदेय भुगतान हेतु यथाशीघ्र उपयुक्त वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कटनी के नाम ज्ञापन सौंपा जाकर समस्या के निदान हेतु अनुरोध किया गया । इस दौरान डॉ. अजीत सिंह, ऋषिराज चढार,भागीरथ पटेल, मूलचंद्र सिंगरोरे, वर्षा जैन, नीतू सिंह ठाकुर,धर्मेन्द्र पटेल, मनीष हल्दकार,त्रिभुवन सिंह, स्वेता बरसैंया, सुधा मनसोरिया, दिनेश गोस्वामी,गोविंद सिंह ठाकुर, दीनदयाल कुर्मी,ब्रजेश पाठक, पुरषोत्तम रावल, सुग्रीम मरावी, मोहम्मद आरिफ सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे ।

---

लंबित अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ और सी.सी. सर्वोच्च प्राथमिकता से जारी कराएं

# दायित्व निर्वहन में लापरवाही बरती तो कार्यवाही के लिए रहें तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों तथा निर्माण एवं विकास कार्यों का लाभ ग्रामीणों को शीघ्रता के साथ समय पर मिले, इसके लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय पर निवास कर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करें। औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी। निर्माण एवं विकास कार्यों की सतत रूप से निगरानी करते हुए गुणवत्ता पूर्ण कार्य तय समय सीमा में पूर्ण कराएं। अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ कराते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण कराए गए कार्यों की सीसी जारी कराएं। आगामी बैठक के पूर्व यदि लक्ष्य के अनुसार वांछित प्रगति नहीं आती है तो सख्त एवं अप्रिय कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की आयोजित समीक्षा बैठक में समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सहायक यात्रियों एवं अन्य अधिकारियों को दिए। एजेंडा के अनुसार योजनाओं की समीक्षा करते हुए सुश्री कौर ने कड़क लहजे में कहा कि अधिकारी नियमित रूप से प्रॉपर फॉलोअप, फीडबैक और मॉनिटरिंग करेंगे तभी लक्ष्य के अनुसार प्रगति आना संभव होगी।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने मनरेगा योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में सामग्री भुगतान की समीक्षा की। उन्होंने समस्त जनपद पंचायतों की जनपद पंचायत वार समीक्षा करते हुए श्रमिक नियोजन में वृद्धि, लेबर बजट, विगत वर्ष के अपूर्ण कार्यों को तत्परता पूर्वक पूर्ण कराने, एक बगिया मां के नाम, जल गंगा संवर्धन एवं ई-केवाईसी कार्य की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी एक बगिया मां के नाम के हितग्राहियों से संवाद कर उन्हें कार्य कराने हेतु प्रेरित करें। उनकी समस्याओं को साझा करते हुए उनका यथोचित समाधान करें। अपूर्ण आंगनबाड़ी भवन एवं वर्ष 2020-21 से 2024 25 तक के अपूर्ण परियोजनाओं और कार्यों को विशेष कार्य योजना बनाकर पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

#### एमडीएम की ली जानकारी

सुश्री कौर ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति अभियान के अंतर्गत संचालित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की जानकारी ली। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी ने कहा कि विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शिक्षा एवं अन्य अधिकारी समय पर बर्तन क्रय करने की कार्रवाई करें। शालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए नियत पोर्टल पर अपलोड करें एवं भोजन की गुणवत्ता और मेन्यू के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने कहा कि आवास योजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुसार प्रतिदिन आवास पूर्णता की निगरानी समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वयं करें ताकि संतोष जनक स्थिति निर्मित हो सके। उन्होंने विकासखंड बड़वारा में आवास पूर्णता की स्थिति समाधान कारक नहीं होने और आवास प्लस टू सर्वे की चेकर से सत्यापन का कार्य प्रारंभ नहीं होने पर नाराजगी जताई।

---



# धान खरीदी केंद्र टोला में अनियमितताओं के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उमरियापान

ढीमरखेड़ा तहसील के टोला स्थित धान खरीदी केंद्र में शुरुआत से ही अव्यवस्थाएं हावी है। किसानों को सुविधाओं का अभाव है। केंद्र में गुणवत्ताविहीन धान की तौल भी खुलेआम की जा रही है जिससे धान खरीदी की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। मंडे को खरीदी केंद्र में प्रभारी के अलावा नोडल अधिकारी और सर्वेयर पूरे अनुपस्थित रहे। जिम्मेदारों की अनुपस्थिति में केंद्र का संचालन व्यवस्थित नहीं हो सका, जिसका खामियाजा किसानों को उठाना पड़ा। केंद्र में व्यापारी और दलालों के सक्रिय होने के आरोप भी किसानों द्वारा लगाये गये हैं। किसानों का आरोप है कि पहले उन्हीं की उपज की तौल कराई जा रही है जबकि हमारी तौल नहीं हो रही। मनमानी से किसानों में रोष व्याप्त है।

### खबर संक्षेप

## मनौर में गरीब महिलाओं को बांटे कंबल



**पन्ना।** जिला प्रशासन के सौजन्य से गत दिवस मनौर में गरीब, विधवा एवं असहाय महिलाओं को कंबल का वितरण किया गया। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं एसडीएम संजय कुमार नागवंशी ने जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किए। इस दौरान शीतऋतु में ठंड से बचाव के लिए आवश्यक उपाय बरतने की सलाह भी दी गई।

## बड़वारा मोड़ के पास ऑटो रिक्शा पलटने से 3 लोग घायल

**पन्ना।** देवेंद्रनगर थाना क्षेत्रांतर्गत बड़वारा मोड़ के पास तेज गति से अनियंत्रित होकर ऑटो पलटने से 03 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घायल भिलसाय व बड़वारा के बताए जा रहे हैं। गौरतलब हैं कि इस समय नगर सहित ग्रामों में अधिक संख्या में ऑटो रिक्शा हो जाने के कारण उसमें मनमाने ढंग से सवारियां बैठाई जाती हैं और तेज गति से वाहन चलाते हैं जिससे आए दिन हादसे होते हैं। पूर्व में भी कई ऑटो पलट चुके हैं और लोगों की जान जा चुकी है। पुलिस और यातायात विभाग को इन ऑटो चालकों पर चालानी कार्यवाही करनी चाहिए. जिससे इन पर लगाम लगाई जा सकें।

### हेलमेट एक व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार को सुरक्षित करता है, दमोह में सड़क सुरक्षा का नया आयाम

# 1000 LIVES अभियान निश्चित रूप से जनसुरक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा-प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता को मजबूत करने के उद्देश्य से दमोह जिले में संचालित हो रहे विशेष 1000 लाइफ्स अभियान से बुधवार को स्थानीय कीर्ति स्तंभ के समीप जिले के प्रभारी मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने पुलिस विभाग द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जरूरतमंद दो पहिया वाहन चालकों को रोककर निःशुल्क हेलमेट दो पहिया वाहन चालको को पहनाये। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के साथ हटा विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर तथा पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री, तकनीकि शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा ₹दमोह पुलिस का यह प्रयास सराहनीय और जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

हर नागरिक को समझना होगा कि हेलमेट पहनना केवल स्वयं की सुरक्षा नहीं, बल्कि अपने पूरे परिवार को सुरक्षित रखने जैसा है। आज दुर्घटनाओं में हमारे कई नौजवान साथी समय से पहले जीवन खो देते हैं. इसलिए आगे चलने वाले के साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए। ₹इस आशय के विचार स्थानीय कीर्ति स्तंभ पर 1000 लाइफ्स अभियान के तहत दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को हेलमेट वितरित करते हुये व्यक्त किये। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने दमोह पुलिस द्वारा संचालित इस विशेष अभियान की सराहना करते हुए कहा कि 1000 लाइफ्स₹ अभियान निश्चित रूप से जनसुरक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं प्रेरित होकर घर से निकलने से पहले हेलमेट जरूर पहनें और बिना हेलमेट चलने वालों को भी सही दिशा दिखाने का दायित्व निभाएं।




### जरूरतमंदों को रोककर पहनाये हेलमेट

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री श्री परमार ने सड़क पर गुजर रहे दोपहिया चालकों को रोककर उनकी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनाये । इस दौरान उन्होंने आमजन को प्रेरित करते हुए कहा कि हेलमेट केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे बड़ा कवच है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण होती हैं, जिन्हें हेलमेट पहनकर बड़े पैमाने पर रोका जा सकता है।



### सुरक्षित आवागमन ही जीवन रक्षा

कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि दमोह पुलिस द्वारा शुरू की गई यह पहल अनुकरणीय है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 1000 हेलमेट निःशुल्क वितरित किए जा रहे है. जिनका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जनता में चेतना पैदा करना है। उन्होंने कहा यदि हम हेलमेट पहनकर चलें, तो न केवल स्वयं बल्कि हमारा परिवार भी सुरक्षित रहता है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से अनेक दुर्घटनाओं और अप्रत्याशित मृत्यु को रोका जा सकता है। प्रभारी मंत्री द्वारा आज कार्यक्रम में शामिल होकर जन-जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया गया है। पुलिस विभाग यह अभियान जिले के अलग-अलग स्थानों पर लगातार संचालित कर रहा है।

### हेलमेट वितरण नहीं

पुलिस अधीक्षक श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा कि 1000 लाइफ्स₹ अभियान बेहद प्रभावी ढंग से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में सागर नाका और नरसिंहगढ़ क्षेत्र में हुए हादसों में जिन लोगों को हेलमेट वितरित किए गए थे, वे दुर्घटना में सुरक्षित बच गए।

उन्होंने कहा ₹हमारा उद्देश्य केवल हेलमेट बांटना नहीं, बल्कि लोगों में सुरक्षा जागरूकता पैदा करना है। हम चाहते हैं कि लोग स्वयं प्रेरित होकर यातायात नियमों का पालन करें। समाज में संवाद बढ़ाएँ और अपने आस-पास के लोगों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें।₹ ₹1000 लाइफ्स अभियान के अंतर्गत दमोह पुलिस शहर के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार हेलमेट वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। आमजन में सड़क सुरक्षा को लेकर सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है, जिसे समाजहित में एक मजबूत पहल माना जा रहा है।

### जनप्रतिनिधि और अधिकारी, नागरिकों की भारी उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेन्द्र कटारे सुरेश पटेल, एएसपी श्री सुजीत सिंह भदौरिया, आलोक गोस्वामी, कविता राय, संजय सेन, मनीष तिवारी, अमरदीप लालू जैन, गोपाल पटेल, मोंटी रायकवार, गोलू साहू, राघवेंद्र परिहार, महेंद्र राठौर, संजय यादव, अमित बजाज, रमाकांत बाजपेई, ब्रज गर्ग, वर्षा रैकवार, बबली विश्वकर्मा, बंटी वाधवा,, सीएसपी श्री एच, आर पांडे, कोतवाली टीआई श्री मनीष कुमार सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधियों और शहर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## फरवरी में अति महारूद्र महायज्ञ की तैयारियों हेतु बैठक आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी हटा में देव श्री गौरी शंकर मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 अति महारुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा एवं शिवलिंग निर्माण आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पंडित सुरेश पांडे जी चंडी जी वार्ड के निवास पर काशी विश्वनाथ नगरी वाराणसी से पधारे परम पूज्य पंडित वेदाचार्य मथुरा प्रसाद गर्ग शुक्ल जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें 5 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 अति महारुद्र महायज्ञ श्री मद भागवत कथा एवं शिवलिंग निर्माण के आयोजन की तारीख तय की गई एवं कलश यात्रा शिवलिंग निर्माण श्रीमद भागवत कथा में अधिक से अधिक यजमान बनाना उपकाशी हटा के समस्त मंदिर के विमान भगवान जी का आगमन काशी वाराणसी पंडित एवं हटा पंडित जी द्वारा अनुष्ठान हवन पूजन कार्य किया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रम दस दिनों का किया जाएगा संपूर्ण भारत देश के समस्त साधु संतों जी के लिए अति महारुद्र महायज्ञ के लिए आमंत्रित करना यह रूप रेखा बैठक में उपकाशी हटा के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में विचार विमर्श तय किए गए। बैठक में पंडित सुरेश पांडे, रामगोपाल जी महंत, बालाजी महंत जी, पुष्पेंद्र सिंह हजारी, विधायक उमादेवी खटीक, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, पंडित शशि दुबे, पूर्व शिक्षक विनय दवे, उमेश बजाज, दिलीप शर्मा, पंडित वीरेंद्र शास्त्री, रामकुमार असाटी, सरमन मोदी, बलराम तिवारी, ब्रजेश दुबे, पूर्व सीएमओ रामा व्यास, मोहन गंगेले, कमलेश असाटी, डॉ सत्यवेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह राजपूत, मस्तराम सिंह गौर, बबलू राय, समीर सराफ, हर्ष साहू, सुलभ दुबे, अरुण सिंह, बिट्टू प्यासी, कार्यक्रम सचिव सोनू मिश्रा, आयुष दुबे, राहुल असाटी की उपस्थिति रही। सभी लोगों से धार्मिक अति महारुद्र महायज्ञ में अधिक से अधिक जुड़ने के लिए अनुरोध सफल कार्यक्रम की बैठक की गई।

# मानव को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार

### मानवाधिकार दिवस पर केएन कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में 10 दिसम्बर को स्थानीय के.एन. कॉलेज दमोह में मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं एवं बच्चों के कानूनी अधिकारों एवं पीड़ति प्रतिकर योजना विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल अंकुर शर्मा, प्राध्यापक डॉ. अरूणा एम. जैन, सह प्राध्यापक डॉ. अवधेश जैन सहित अन्य प्राध्यापक एवं छात्रायें उपस्थित थी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुये बताया कि मानवाधिकार वैसे अधिकार हैं जो हमारे पास इसलिये हैं क्योंकि हम मनुष्य हैं। राष्ट्रीयता, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, रंग, धर्म, भाषा या किसी अन्य स्थिति की परवाह किये बिना ये हम सभी के लिये सार्वभौमिक अधिकार हैं। इनमें सबसे मौलिक, जीवन के अधिकार से लेकर वे अधिकार शामिल हैं जो जीवन को जीने लायक बनाते हैं, मानव अधिकार व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार देता है। आपने बताया कि हर व्यक्ति को अपने अधिकार का प्रयोग करते समय कर्त्तव्यों से विमुख नही होना चाहिये। साथ ही आपने घरेलू हिंसा अधिनियम, अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, इंटरनेट का प्रयोग करते समय अपनायी जाने वाली सावधानी विषय पर भी छात्राओं को जानकारी प्रदान की। असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल अंकुर शर्मा द्वारा मानवाधिकार दिवस को मनाये जाने का उद्येश्य बताते हुये मानव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत गठित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं राज्य मानवाधिकार आयोग के गठन संबंधी एवं आयोग को प्राप्त शक्तियों तथा मानवाधिकार उल्लंघन होने पर की जाने वाली शिकायत के संबंध में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया की जानकारी दी, साथ ही आपने निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में उपस्थित छात्राओं को बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्राओं के द्वारा पूछे गये प्रश्नों के समाधानकारक जबाव सुझाये गये। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सहा. प्राध्यापक डॉ आर.पी. अहिरवार द्वारा किया गया। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शासकीय सरदार पटैल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ''मानवाधिकार-सभी अधिकारों का समूह'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।



## जिले में तंबाकू निषेध केन्द्र का औपचारिक शुभारंभ

**दमोह।** म.प्र. वालेंटरी हेल्थ एसोसियेशन के डायरेक्टर मुकेश कुमार सिन्हा ने जिला चिकित्सालय परिसर में दवा वितरण केन्द्र के समीप तंबाकू निषेध केन्द्र का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, आरएमओ डॉ. चक्रेश, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोड़ल अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र चौधरी उपस्थित रहे। डॉ. चौधरी ने बताया कि तंबाकू निषेध केन्द्र के माध्यम से तंबाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों को निःशुल्क परामर्श पुस्तिका, उपचार (एनआरटी थैरेपी) तथा तंबाकू छोड़ने हेतु मार्गदर्शन दिया जायेगा।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता में द सीनियर बॉयज़ और डीबीए ने बाजी मारी

**दमोह।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत लोकसभा स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को एसपीएम ग्राउंड में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भारतीय महिला क्रिकेटर सुषमा पटेल, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीत गौरव पटेल तथा स्वदेशी जागरण मंच की प्रदेश महिला कार्य प्रमुख सोनल राय मौजूद रहीं। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 8 तथा महिला वर्ग की 4 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद पुरुष वर्ग में 'द सीनियर बॉयज़' और महिला वर्ग में 'DBA' टीम विजयी रही।अपने उद्बोधन में महिला क्रिकेटर सुषमा पटेल ने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सांसद राहुल सिंह को विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि गणमान्य नागरिक खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## 60 लोगों का जत्था मैहर के लिए पैदल रवाना...



**तेंदूखेड़ा।** नगर से मैहर शारदा माता के दर्शनों के लिए बुधवार को माता रानी के भक्तों का जत्था पैदल यात्रा के लिए मढ़ियाघाट हनुमान मंदिर से सुबह 10 बजे रवाना हुआ। जिसमें करीब 60 से अधिक यात्रियों का जत्था भागीरथ रजक पंडा के नेतृत्व में मैहर शारदा माता के दर्शनों के लिए गाजे-बाजे के साथ रवाना हुए। पंडा भागीरथ रजक ने बताया कि मां शारदा मैहर के दर्शन करने पैदल जा रहे हैं। यह उनकी 29 वीं यात्रा है। इस दौरान माता रानी के दर्शनों के लिए जाने वाले भक्तों के परिजन एवं नागरिक नगर के बाहर गाजे बाजे व जयकारों के साथ छोड़ने गए। इस दौरान नगर के लोगों के साथ यात्रा में जाने वाले लोग मौजूद रहे।

## 52 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के तहत विशेष स्वस्थ जांच, उपचार, क्लीनिक का आयोजन किया गया। जिसमें 52 गर्भवती महिलाओं की जांच कर उन्हें आवश्यक इलाज और चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान उच्च जोखिम वाली 42 महिलाएं निकली। शिविर में गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन, यूरिन, शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, खून की जांच और अन्य सामान्य जांचें की गई। शिविर के दौरान महिलाओं को पौष्टिक आहार के साथ गुड चना और फलों का वितरण भी किया गया। डॉक्टर ज्योति दुबे ने महिलाओं को समय-समय पर चिकित्सा जांच करवाने की सलाह दी साथ ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार के बारे में विशेष परामर्श दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित रहन-सहन संतुलित आहार और नियमित जांच के महत्व के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। बीएमओ अमित मिश्रा ने बताया की शिविर के दौरान महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरित किया गया। और इस शिविर का आयोजन का मुख्य उद्देश्य मातृ शिशु मृत्यु दर को कम करना और गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। उक्त अवसर पर डॉक्टर कुलदीप आजमानी, डॉक्टर अंगीरत साहू, डॉक्टर ज्योति आदि के द्वारा उपचार किया गया। कैंप व्यवस्था अर्चना पटेल, हेमंत शुक्ला द्वारा की गई। उक्त अवसर पर समस्त स्वस्थ कर्मी मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं को बांटे ठंड के गर्म स्वेटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

कड़ाके की ठंड को दृष्टिगत रखते हुए हटा मुख्यालय के समीपस्थ सुनार नदी के तट पर बसे ग्राम पांजी हरदुआ स्कूल में धन लक्ष्मी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जनरल मैनेजर आनंद सिंह द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को विधायक उमादेवी खटीक के मुख्य आतिथ्य में अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन के साथ वृक्षारोपण किया गया इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों द्वारा बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया इसके उपरांत पांजी एवं हरदुआ स्कूल में अध्यनरत 160 छात्र-छात्राओं को गर्म कपड़े वितरित किये। बच्चे रंग बिरंगे गर्म कपड़े पाकर खुश हो गए। इसके उपरांत स्कूल प्रांगण व ग्राम में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान धनलक्ष्मी कंपनी के जनरल मैनेजर आनंद सिंह चौहान ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब हम स्कूल में बच्चों को गर्म स्वेटर दे रहे थे कुछ समय बच्चों की आंखों में वह तृप्त खुशी थी जिसे शब्दों में नहीं बताई जा सकती। चौहान ने कहा कि अमीर वह नहीं है जो महंगे कपड़े पहनकर और अपने ऊपर लाखों खर्च करके खुद को बडा बताता है वास्तविक अमीरी वह है जो दूसरों के दुख को समझे और सुरक्षित बनाकर राहत दे। इस सेवा कार्य के दौरान कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल टीआई सुधीर कुमार बेगी, सरपंच मीना रानी दीपचंद राय, रहमान खान, महेश राय, जगदीश लुहार सहित ग्राम वासियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही। अंत में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बच्चों का सहयोग किए जाने पर सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## ग्राम सेमरा हजारी में हुए निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच के लिए कलेक्टर को दिया आवेदन

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा हजारी में विगत 2 वर्षों के अंदर निमार्ण कार्य के लिए राशि निकाली गई लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हो पाए है जिनकी निष्पक्ष एजेंसी दवारा जांच कराई जाये। पंचायत में निर्माण कार्य जो स्वीकृत है जिसमें कोडरमणी ग्राम में परकुलेशन टेक है जिसमें करीब 9 लाख 50 हजार रुपये के मस्टर रोल से भुगतान, हनुमान मंदिर का अधूरा सी सी सड़क जिसमें करीब 3 माह पहले पैसा निकल गया लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं,नाली निर्माण कार्य सीताराम के घर से मेन रोड तक अधूरी, कोडरमणी में भागीरथ के घर से मेन रोड,गेब्रियन बाल गेरा नाला, खैरे के नाला के पास अधूरा डाला,रतिराम के घर से सी. सी सड़क अधूरी नल कनेक्शन सोकता पेड़ सिर्फ 2 बने 1 कोडरमणी व एक सेमरा में,सोहन पटेल के घर से हनुमान मंदिर की और सीसी सड़क के पैसे निकाल लिए 3-4 माह हो गये लेकिन नहीं बना, ग्राम में पिछले वर्षों से नाडेप की राशि निकल गई लेकिन अभी तक नहीं बनाए गए कोडरमणी में एक भी नही बना, वृक्षारोपण कार्य सिर्फ कागजों पर किया गया। तलैया हार बच्चों के स्कूल की बाउंड्री वॉल 77000 हजार निकल गये लेकिन अभी तक निमार्ण कार्य नहीं रुआ। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा दिनांक 28 अगस्त 2025 को आवेदन आपके कार्यालय व जिला पंचायत/जनपद पंचायत सीईओ को दिया गया लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नही हुई आवेदक मर्दान अहिरवार द्वारा पुनः मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

## प्रभारी मंत्री श्री परमार ने विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में दिये अहम निर्देश

# जिले के हर गांव की मैपिंग की जाए, हर गांव में खेतों में सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित करना है-प्रभारी मंत्री

### जिले ने मध्य प्रदेश युवा संगम में प्रथम स्थान प्राप्त किया-कलेक्टर
### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



जिले के हर गांव की मैपिंग की जाए, इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लिया जाए ताकि हर गांव में खेतों में सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित हो जाए। जिले में जो भी सिंचाई के तालाब है जहां मरम्मत आवश्यक हो, प्राथमिकता से कराई जाए । इस आशय के निर्देश प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री, तकनीकि शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, उपाध्यक्ष मंजु धर्मेन्द्र कटारे, जनपद अध्यक्ष प्रीति राजू कमल ठाकुर, जनपद अध्यक्ष हटा गंगाराम पटैल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे मौजूद थे।

प्रभारी मंत्री ने कहा जिले में जहां भी नहरों की स्थिति खराब हो, मरम्मत आवश्यक हो, कराई जाए। उन्होंने कहा सिंचाई हेतु उपलब्ध जल का समुचित उपयोग रबी फसलों में सुनिश्चित किया जाए। श्री परमार ने कहा जिले में निर्मित जल संरचनाओं से खेतों में अंतिम छोर तक पानी पहुंचे प्रभावी ढंग से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रभारी मंत्री श्री परमार विकास कार्यों की आयोजित समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश दे रहे थे।

प्रभारी मंत्री श्री परमार ने बैठक में मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की समीक्षा के दौरान संपर्क विहीन बसाहटो में जिले अंतर्गत ढाई सौ तक की जनसंख्या के 241 संपर्क विहीन राजस्व ग्राम तथा मंजरे टोला का चिन्हांकन किया गया है। इस संबंध में मार्ग निर्माण हेतु परियोजना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में बताया गया उक्त ग्रामों के मार्ग निर्माण स्वीकृति अपेक्षित है, फरवरी 2026 तक कार्य प्रारंभ होने की संभावना बताई गई। खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया खरीफ उपार्जन 2025-26 में धान पंजीयन 23460 किए गए हैं, इसमें 16 समितियां और 14 गोदाम स्तरीय केंद्र है, केन्द्रों की संख्या 34 है, धान का रकबा 45000 हेक्टेयर है, खरीदी की जानकारी विस्तार से दी गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से कहा कि सभी जगह जहां ग्राम वासियों के घरों में नलों की टोंटियां लगना सुनिश्चित हो जाये, कोई भी घर में बिना टोंटी के नल ना रहे। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर द्वारा उर्वरक वितरण के लिए टोकन व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है, अभी फिलहाल किसी तरह की कहीं कोई दिक्कत नहीं है, उर्वरक उपलब्धता की जानकारी दी गई। जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के द्वारा आयोजित युवा संगम मेले के बारे में बताया कि युवा संगम 2025-26 में जिले ने मध्य प्रदेश युवा संगम में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिले को युवा संगम का लक्ष्य 360 था जिसके विरुद्ध 4589 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया।

जिले के प्रभारी मंत्री श्री परमार ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि गांव में जहां स्कूल पहुंचने में मार्गों की दिक्कत है, पुल पुलिया के प्रस्ताव बनाये जायें वहां पर कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा ग्रामीणों को किसानों को क्षेत्र के भ्रमण आदि की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से भी दी जाए। उन्होंने कहा कार्यो से जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाए। उन्होंने दुर्घटना में निराश्रित गौवंश के उपचार की व्यवस्था के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश अनुसार कार्यवाही करने के लिए कहा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने बताया शहर में स्थापित पुलिस चौकी के साथ ही पथरिया और हटा में पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के लिए आवास की जानकारी देते हुए निर्माण के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई से अवगत कराया। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा यहां पर भवनों का निर्माण प्राथमिकता से करवाए जाएं।

## निनादो का नाद ही डमरू का घोष जिसमें अक्षर विन्यास बने महेश्वर सूत्र- श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

शिव पुराण की विवेचना में पौराणिक विधाओं का वर्णन करते हुए श्री भगवान वेदांताचार्य जी ने कहा कि पुराणोंमें भगवान शिवको विद्याका प्रधान देवता कहा गया है। उन्हें 'विद्यातीर्थ' नामसे पुकारा गया है और सर्वज्ञ माना गया है। उन्हें ज्ञान, इच्छा एवं क्रिया-इन तीन शक्तियोंका समन्वय एवं समस्त ज्ञानका स्त्रोत माना गया है। ज्ञानपिपासुओंको उन्ही की पूजा एवं आराधना करनेका विशेषरूपसे आदेश किया गया है। यस्य निःश्वसितं वेदा यो वेदेभ्योऽखिलं जगत। निर्ममे तमहं वन्दे विद्यातीर्थं महेश्वरम् ॥ अर्थात 'वेद जिनके निःश्वास हैं, जिन्होंने वेदोंसे सारी सृष्टिकी रचना की और जो विद्याओंके तीर्थ हैं ऐसे शिव भारत के व्याकरण-रचयिताकारों के कुलगुरु महर्षि पाणिनि व्याकरण के सूत्रधार हुए इन्हीं विद्या निधान भगवान महेश के डमरू का घोष प्रथम शब्द ध्वनि मानी गई। साधकों के लिए ज्ञान प्राप्त करने का साधन बन गया। उस परमात्मज्ञानविषयक बुद्धिको आश्रय रूपमें ग्रहण करने प्रसिद्ध देव परमेश्वर ने यह निनाद उत्पन्न किया जिससे पुनः संगीत का नाद भी जाग्रत हो उदीप्त हुआ। वेदोंके छः प्रधान अङ्गोंमें व्याकरण भी एक अङ्ग होने से शब्दों का विवेचन विन्यास की आधार शिला बना, जो अनादि ब्रह्म का स्वरूप है। विनय से सम्पन्न शंकर के मुखारविंद से आविर्भूत यह शास्त्र मयूर के पंखों से लिख जो अनेक सिद्धों के मन को भाया यही सिद्धों वर्णसमाम्नाय कहा गया यहां से विनिमय और व्यापार के सूक्तों का भी निर्माण हुआ जो अखिल ब्रह्मांड के परिवर्तन में प्रविष्ट हुआ। जिसका घोष दोष की संभावना को सदैव के लिए नष्ट करता है अनुप्राणित रूप से शिव के शरण होने का लाभ दर्शाता है।

## नवांकुर संस्था ने किया बोरी बंधान का कार्यक्रम

**दमोह।** म.प्र. जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन मे दमोह जिले के ब्लॉक पटेरा के सेक्टर कुम्हारी की नवांकुर संस्था जय माँ लक्ष्मी ग्रामोत्थान समिति पटेरिया के ग्राम सगोनी मे 10 दिसंबर दिन बुधवार को चाचाई नाला गौरईया हार मे बोरी बंधान का कार्यक्रम हुआ। जिसमे विकासखंड समन्वयक हरीश पान्डेय, जनपद सदस्य गोविंद तिवारी, सगोनी सरपंच विष्णु सोनी, सचिव, नवांकुर अध्यक्ष मुलाम राय, व प्रस्फुटन समिति के सदस्य और ग्रामीणों की उपस्थिति रही।


## झापान नाला जलाशय पुछी तालाब का होगा निर्माण, केबिनेट में हुआ मंजूर

तेंदूखेड़ा। मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री एवं जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी लगभग सात वर्षों से अथक प्रयास कर रहे झापान नाला जलाशय जो पुछी तालाब के नाम भी जाना जाता है जिसके निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग को मुख्यमंत्री से विशेष निवेदन करने पर आखिरकार कैबिनेट की बैठक खजुराहो में मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल ने स्वीकृति प्रदान की है। दमोह जिले की जबेरा विधानसभा को सौगात मिलते ही क्षेत्रवासियों के द्वारा सोशल मीडिया पर मंत्री का आभार व्यक्त किया है। मंत्री लोधी ने कहा कि इस परियोजना के बनने से लगभग 3600 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और विधानसभा क्षेत्र के 17 ग्रामों के लगभग 13000 किसान लाभान्वित होंगे इसका निर्माण कार्य 165.06 करोड़ रुपए की लागत से किया जायेगा। मैं गौरवशाली हूं कि इस बहुप्रतीक्षित मांग को मेरे कार्यकाल में मुझे पूर्ण करने का अवसर प्रदान हुआ है। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावटं का आभार व्यक्त करता हूं।

## विशेष गहन पुनरीक्षण की हुई समीक्षा बैठक

**दमोह।** एसडीएम राकेश मरकाम के निर्देशन में पटेरा व हिंडोरिया के सभी 158 मतदान केंद्रों के द्वारा किये गए एस आई आर कार्य की समीक्षा बैठक का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा के चार कक्षो में किया गया जिसमें डिजिटाइज किये गये गणना प्रपत्रो को जाँच, ऐ एस डी आर ( अनुपस्थित , स्थान्तरित, मृत , व दोहरी प्रवष्टि मतदाताओं ) का सत्यापन व पंचनाम की जाँच की गई। साथ ही ग्राम सभा पंजी की जाँच की गई जिन बी एल ओ का कार्य अधूरा था उनके सभी गणना पत्रको की जाँच उपरांत कार्य पूर्ण कराया गया 1 नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल , मनीराम टेकाम, आर आई धनीराम टेकाम मास्टर ट्रेनर मुकेश गुजरे , कमलेश शर्मा, प्रमोद परोहा, मूलम सिंह राजपूत, सुखेन्द्र पटेल , लक्षमण विश्वकर्मा, नीरज खरे, केशवेंद्र नामदेव, निरन सिंह एवं समस्त पटवारी जाँच कार्य मे सलग्न रहे।

## ब्यारमा नदी के बीच धार्मिक महत्व का टापू



### प्राकृतिक सौंदर्य देखने उमड़ते लोग

**बनवार।** जुझार गांव स्थित ब्यारमा नदी इन दिनों अपने अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व के कारण क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नदी के बीचों-बीच स्थित विशाल चट्टान का दृश्य लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। स्थानीय ग्रामीण पवन सिंह लोधी बताते हैं कि इस चट्टान को हरीशा नाम से जाना जाता है और मान्यता है कि यहां प्राचीन गणेश प्रतिमा विराजमान है, जिसके कारण यह स्थल धार्मिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखता है। ब्यारमा नदी के तट पर बना सेतु जबलपुर–बांदकपुर–दमोह मार्ग को जोड़ता है और यही पुल लोगों के लिए सैर और फोटोग्राफी का लोकप्रिय ठिकाना बन गया है। शाम के समय सेतु पर बड़ी संख्या में लोग पहुँचकर नदी, चट्टान और आसपास के मनोरम प्राकृतिक दृश्यों का लुत्फ उठाते हैं। विशेषकर सूर्यास्त के समय नदी में पड़ती सुनहरी किरणें और चट्टान पर बनती प्राकृतिक छटा देखने वालों को मोह लेती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्यारमा नदी का यह दृश्य न केवल पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सुंदरता का अनोखा संगम भी है। नदी के बीच स्थित यह टापू अपने शांत, पवित्र और आकर्षक वातावरण के कारण हर आगंतुक का मन जीत लेता है।

## विश्व हिंदू परिषद–बजरंग दल की नगर स्तरीय बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर हुआ निर्णय

**दमोह।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की नगर स्तरीय बैठक मंगलवार को बजरिया वार्ड क्रमांक 7, चैनपुरा स्थित कंकाली माता मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण, आगामी कार्यक्रमों और घर–घर संपर्क



अभियान को व्यापक रूप से संचालित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री शम्भू विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम मिश्रा, जिला संयोजक गोलू चौबे तथा नगर संयोजक सत्यम चौरसिया की प्रमुख उपस्थिति रही। पदाधिकारियों ने आगामी योजनाओं पर कार्यकर्ताओं को दिशा–निर्देश देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। संगठन विस्तार अभियान के तहत नवीन वार्ड समिति का गठन किया गया जिसमें विनोद प्रजापति को वार्ड अध्यक्ष, मोनू रैकवार को उपाध्यक्ष, मनोज पटेल को मंत्री, शिवम रैकवार को संयोजक तथा छोटे यादव को सह संयोजक नियुक्त किया गया। पदाधिकारियों ने नवीन टीम को बधाई देकर आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में रोहित शिवहरे, निखिल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों में राहुल अठया, राजू दादा, परमलाल, विक्रम प्रजापति, तुलसी अहिरवार, हरि रैकवार, विवेक प्रजापति, गोलू राय, मनोज पटेल, मनोज सेन, बहौरी ठाकुर, कल्लू रैकवार, अनिल सेन, श्यामलाल सेन, अर्पित, दिनेश रैकवार, गोलू रैकवार, राजीव जैन, गौरव राज, कैलाश रैकवार, बबलू रैकवार, अनिल सेन, महेंद्र रैकवार, राजू ठाकुर, बल्लू राज चौरसिया, अनिल यादव, विनोद प्रजापति, सौरभ रैकवार और रोहित सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आगामी अभियानों को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## अखंड रामायण पाठ का विधिवत समापन

### 12 दिन तक रामायण की चौपाइयों से गूंजता रहा रनेह का बड़ी देवी मंदिर परिसर



**रनेह।** बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में बीते बारह दिनों से निरंतर चल रहा अखंड रामायण पाठ मंगलवार को विधिवत पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा। हर दिन सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जिनमें युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक ने बड़ी आस्था के साथ रामायण पाठ का श्रवण किया। समापन अवसर पर आयोजित सामूहिक भंडारा और कन्या भोज ने कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ा दी। गांव–कस्बे के सभी समाज वर्गों की व्यापक उपस्थिति ने सामाजिक एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक समरसता का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण करते हुए परस्पर मेल–मिलाप और पारंपरिक सौहार्द को और मजबूत किया। आयोजकों का कहना है कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन केवल आस्था का स्वरूप नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, युवा पीढ़ी में संस्कार विकसित करने और पारस्परिक प्रेम–सौहार्द को बढ़ावा देने का माध्यम भी हैं। आयोजन समिति ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पौढी मानगढ़ स्कलू में बीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा



जबेरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद वाजपेई के द्वारा शासकीय हाई स्कूल पौड़ी मानगढ़ में संचालित रिमेडियल क्लास का औचक निरीक्षण कियाओचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में प्राचार्य स्वयं अध्यापन कार्य करते पाये गये इस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इ सी प्रकार पूरे विकासखंड के प्राचार्य कक्षाओं में इसी तरह से अध्यापन कार्य करने लगे तो विद्यालय के अन्य शिक्षक भी इसी तरह से निष्ठा पूर्वक विद्यार्थियों को पूरे मनो वियोगसे शिक्षा देगे जिससे विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी इसी तरह से में विद्यालय की समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालय का निरीक्षण करूंगा एवं समस्त प्राचायो से अपेक्षा करूंगा कि बोसभी बोर्ड परीक्षाओं तक विद्यार्थियों को अपना सर्वस्व दे। रिमेडियल क्लास के उपरांत विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने एसआई आर सर्वे का भी निरीक्षण किया उन्होंने पोड़ी मानगढ़ सगोड़ी सगोड़ी खुर्द कोड़ा कला एवं सिंगापुर में समस्त बीएलओ को यसडीआर संबंधी आवश्यक निर्देश दिए तथा तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए समझाईस दी। तथा समस्त बीएलओ को उनके कार्य में आने वाली परेशानियों का मौके पर ही यथोचित समाधान किया।

## नाबालिग बालिका का अज्ञात नकाबपोशों द्वारा अपहरण का प्रयास, हाथ में मारी ब्लेड



**तेंदूखेड़ा।** घर से स्कूल जाते समय सुबह लगभग 11 बजे एक 11 साल की नाबालिंग बालिका को दो अज्ञात नकाब पोश लोगो ने किताव मांगने के बहाने पास बुलाया और अपहरण करने की कोशिश की गई। साथ ही बालिका को लगभग 100 फिट दूर जहां पर उनकी कार खड़ी थी घसीटकर अपनी नीली कार में बैठाने की कोशिश की गई इस दौरान अज्ञात नकाब पोसो के द्वारा ब्लेड निकालकर उसके गले में मारने का प्रयास किया लेकिन लडकी ने अपने आप को छुडाने के प्रसास के दौरान लडकी को ब्लेड गले के स्थान पर हाथ में लग गई। इसके बाद दोनो नकाब पोस घटना स्थल से बालिका की काफिया लेकर फरार हो गए। लडकी जब अपने घर पहुंची और उसकी साथ हुई घटना को परिवार में बताया गया। इसके बाद बालिका के पिता ने पुलिस थाने में पहुंचकर लिखित आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस आवेदन पर अज्ञात नकाब पोशो की तलाश में जुट गई है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीब्ही केमरो को खगांला जा रहा है।

## जबेरा को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग



### ब्लॉक कांग्रेस ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा

जबेरा नगर को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जबेरा द्वारा बुधवार को जबेरा तहसीलदार सुश्री सोनम पांडेय को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि जबेरा नगर को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग नगर वासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही है और जिसकी घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी द्वारा सन 2020 में एवं मध्य प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी द्वारा भी सन 2024 में जबेरा को नगर पंचायत बनाए जाने की घोषणा की जा चुकी है। किंतु जबेरा को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग घोषणा तक ही सीमित होकर रह गई है जिसकी अभी तक किसी भी प्रकार से आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही लिखित में आधिकारिक तौर पर जबेरा नगर को नगर पंचायत का दर्जा दिया जाए। ज्ञापन सौपने वालों में मुख्य रूप से पंडित गोविंद तिवारी, सचिन तिवारी, मुन्नालाल सोनी, अखिलेश सोनी, प्रवीण राय, रवि सोनी, मनीष धुर्वे, मनोहर सिंह ठाकुर, दिनेश दुबे, अरविंद धनगर, मेघराज सिंह, पप्पू सिंह, बृजेश सिंह, कैलाश विश्वकर्मा, अभय मिश्रा, मुरली ठाकुर, ज्ञानी यादव सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

In the Court Of Anupreksha Jain,
II Civil Judge Class - I,
District Court, Damoh
Presiding Officer:अनुप्रेक्षा जैन
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC/0000078/2024)
छत्रपाल सिंह ठाकुर.............वादी
Vs
रामरानी.......................प्रतिवादी
TID/4041/25
Process Id-212 / 2025
पेशी दिनांक :- 12/01/2026
प्रेषिती-
(1) रामरानी बेवा रूपलाल चैधरी
पता-पिपरिया जुगराज तहसील व थाना जबेरा दमोह म प्र.
यह कि प्रार्थी छत्रपाल सिंह ठाकुर ने आपके विरूद्ध दावा वस्ते के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
आज तारीख 08 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
सील
(श्रीमती अनुप्रेक्षा जैन)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
दमोह (म.प्र.)